DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I too associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)**: श्रीमती दर्शना सिंह।

**Need to set up Agro-industries related to paddy in Chandauli district of Uttar Pradesh**

**श्रीमती दर्शना सिंह** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश के चन्दौली जिले की निवासी हूं, जहां धान की खेती प्रचुर मात्रा में की जाती है, जिसके कारण इसे धान का कटोरा भी कहा जाता है। इसलिए यहां कृषि आधारित उद्योग की अनन्त सम्भावनाएं हैं। हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा की है और यह प्रेरणा दी है कि किसी भी क्षेत्र में औद्योगिक विकास की अनंत सम्भावनाओं को तलाशा जाए। माननीय प्रधान मंत्री जी ने फसल कटाई के बाद फसलों की साज-संभाल, खाद्य प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन क्षेत्र में क्रांति लाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आम तौर पर चावल की भूसी बरबाद हो जाती है, जबकि चावल की भूसी का तेल एक खाद्य तेल है, जिसे राइस ब्रान तेल के रूप में जाना जाता है, इसलिए चंदौली में चावल की भूसी के तेल के लिए औद्योगिक इकाइयों की अच्छी संभावना है। महोदय, इतना ही नहीं धान के कचरे से इथेनॉल का उत्पादन भी किया जा सकता है, जो जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इससे किसानों के लिए आर्थिक लाभ के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे और माननीय प्रधान मंत्री जी की 'वोकल फॉर लोकल' नीति को भी बढ़ावा मिलेगा, अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं कि चंदौली जनपद में धान से संबंधित औद्योगिक इकाई लगाने पर विचार किया जाए, धन्यवाद।

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

SHRI M. MOHAMED ABDULLA (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The House stands adjourned to meet at 1100 hours on Monday, the 19th December, 2022.

*The House then adjourned at twenty-one minutes past five of the clock till eleven of the clock on Monday, the 19th December, 2022.*